# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 26 अप्रैल 2025




# दस आत्मानंद स्कूल की सौगातः इस साल चार सौ बच्चे इंग्लिश मीडियम में पढ़ेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

अलग खबर

राज्य शासन द्वारा दस नई स्वामी आत्मानंद स्कूल खोलने की अनुमति दे दी है। जिसके बाद इस सत्र 2025 में इन स्कूलों में चार सौ से अधिक बच्चों को एडमिशन दिया जाएगा। राज्य शासन से अनुमति मिलने के बाद शिक्षा विभाग द्वारा इन स्कूलों में बच्चों के एडमिशन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। हांलाकि अभी शिक्षको की भर्ती को लेकर राज्य शासन से अनुमति नही मिल पाई है। ऐसे में वर्तमान शिक्षक के जिम्मे ही स्कूल की पढाई कराई जा सकती है। मिली जानकारी अनुसार जिले में हिन्दी व अंग्रेजी के 42 स्कूल वर्तमान में संचालित है, इसमें दस स्कूल पिछले साल अंग्रेजी माध्यम में तब्दील नही हो पाई थी। दस नए स्कूल के अस्तित्व में आने के बाद अब इसकी संख्या 52 हो जाएगी। आत्मानंद स्कूल खुलने के बाद मिले व्यापक समर्थन के चलते यहां एडमिशन लेने का क्रेज भी बढा हैं। उल्लेखनीय है कि, जिले में 38 अंग्रजी मीडियम स्कूल है, जहां वर्तमान में 25911 बच्चे अध्ययन कर रहे है, वही हिन्दी मीडियम के 14 स्कूल है, जिसमें 6124 बच्चे भर्ती है। इन तरह दोनो मीडियम में 32 हजार से अधिक बच्चे अंग्रेजी और हिन्दी मीडियम की पढाई रहे है। लेकिन दस स्कूल नही खुलने से सैकडों बच्चे और परिजन का सपना टूट गया है।

**खास बातें**

- जिले में 42 से बढ़कर होंगे अब 52 अंग्रेजी और हिन्दी मीडियम स्कूल
- शिक्षा विभाग ने सभी दस स्कूलों को एडमिशन के दिए निर्देश

**पिछले साल स्वीकृति नही मिलने से बच्चों का नहीं हो सका था एडमिशन**

### शिक्षक के सैकड़ों पद रह गए खाली

दो साल पहले आत्मानंद स्कूल में भर्ती किए जाने के लिए आवेदन मांगे गए थे। प्रतिनियुक्ति और संविदा के लिए सैकडों आवेदन भी आए थे। बकायदा आवेदनों की स्कूटनी भी हो गई थी। लेकिन भर्ती नही हो पाई थी। जिसका आज भी शिक्षक इंतजार कर रहे हैं। जानकारी अनुसार जिले में संचालित 42 स्कूल और स्वीकृत दस स्कूलों (दस जो खुल नही पाए) में 17 सौ पद स्वीकृत किए गए थे। जिसमें 1240 शिक्षक कार्यरत है। जबकि 138 हिन्दी और 271 अंग्रेजी मीडियम स्कूल में शिक्षक की कमी है। विगत 26 सितंबर 2023 को प्रतिनियुक्ति व संविदा विज्ञापन जारी किया गया था। बहरहाल बच्चों के एडमिशन की अनुमति मिल गई है। अफसरों ने बताया कि, शिक्षक भर्ती की अनुमति मिलने पर करीब साढे तीन सौ पद भरे जाएंगे।



**प्रक्रिया शुरू**

"पिछले साल इन स्कूलों में भर्ती नही हो पाई थी। इस बार अनुमति मिलने के साथ ही सभी दस स्कूल को अंग्रेजी माध्यम बनाया जाएगा। जहां बच्चों को एडमिशन होगा। -**अरविंद मिश्रा** डीईओ, दुर्ग

### इन स्कूलों में इस बार होगा एडमिशन

शिक्षा विभाग द्वारा भेजे गए प्रस्ताव के तहत 10 स्वामी आत्मानद विद्यालय (**SAGES**) जिसकी घोषणा की गई थी। जिसमें शा उच्चतर माध्यमिक शाला सेक्टर 09 (हॉस्पिटल सेक्टर), शा. उच्चतर माध्यमिक शाला तिरंगा (दुर्ग), शाउच्चतर माध्यमिक शाला अंजोर ख (दुर्ग), शा.उच्चतर माध्यमिक शाला बोरसी (दुर्ग), शा हायर सेकेंडरी स्कूल कतरो (दुर्ग), शा.उच्चतर माध्यमिक शाला कुगदा (पाटन), शा उच्चतर माध्यमिक शाला पुरैना (पाटन), शा उच्चतर माध्यमिक शाला पाउवारा (दुर्ग), शा.उच्चतर माध्यमिक शाला अण्डा (दुर्ग), शा उब्बतर माध्यमिक जे.पी. नगर कैम्प 02 (भिलाई) थे।

**खबर संक्षेप**

### खेलो इंडिया स्टेट सेंटर के लिए ट्रायल बिलासपुर में आयोजित




**दुर्ग।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग छ.ग. शासन द्वारा बिलासपुर जिले में संचालित खेलों इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस अंतर्गत तीरंदाजी, हॉकी एवं एथलेटिक बालक, बालिका आवासीय खेल अकादमी एवं राज्य शासन द्वारा बालिका आवासीय कबड्डी अकादमी में सत्र 2025-26 हेतु नवीन खिलाड़ियों के प्रवेश दिया जा रहा है। आवासीय अकादमियों में प्रवेश हेतु तीरंदाजी, हॉकी एवं एथलेटिक बालक-बालिकाओं एवं बालिका कबड्डी हेतु चयन ट्रायल का आयोजन 29 एवं 30 अप्रैल 2025 को स्व. बीआर यादव राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र बहरतराई जिला बिलासपुर में किया जायेगा। चयन ट्रायल के अकादमी संचालन नियमानुसार 13 से 17 आयु वर्ग के बालक-बालिका भाग ले सकते है।

### सेल्फ एम्प्लोएड टोईलर ट्रेड में निःशुल्क प्रशिक्षण

**दुर्ग।** अंत्यावसायी व्यवसायिक प्रशिक्षण केन्द्र औद्योगिक क्षेत्र जवाहर नगर गेट के पास धमधा नाका दुर्ग में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत अनुसुचित जाति वर्ग के इच्छुक युवतियों को सेल्फ एम्प्लोएड टोईलर ट्रेड में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण अवधि 3 माह की होगी। इच्छुक अभ्यर्थी 30 अप्रैल 2025 तक आवेदन कर सकते है। अंत्यावसायी व्यवसायिक प्रशिक्षण केन्द्र दुर्ग के प्रबंधक से मिली जानकारी अनुसार आवेदक की वार्षिक आय 15 हजार रूपए तक हो, उम्र 14 से 45 वर्ष हो। अनुसुचित जाति वर्ग के पात्र एवं इच्छुक आवेदक आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन कर सकते है।

# जिले में 550 फुट बोरवेल्स खोदने पर भी नहीं मिल रहा पानी

**भूजल स्तर गिरने से डेढ़ सौ से अधिक हैडपंप भी हो चुके बंद**

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिले में जलस्तर की स्थिति दयनीय बनी हुई है। ग्रामीणो की पेयजल की समस्या को देखते हुए जब पीएचई विभाग ने बोरवेल्स कराया तो साढे पांच सौ फूट तक पानी नही मिलने से अफसर हैरान रहे। धमधा और दुर्ग के आधा दर्जन गांव में पीएचई विभाग ने मांग के अनुसार बोरवेल्स कराया। साढे पांच सौ फूट तक खुदाई की गई और एक बूंद पानी नही मिला। यह हालात धमधा और दुर्ग में सामने आया है। जिले में जलस्तर गिरने के कारण अब तक 155 हैडपंप बंद हो चुके है। हांलाकि धमधा ब्लाक के लगभग अस्सी फीसदी क्षेत्र ड्राई माना जाता है। लेकिन ड्राई के इस सीमा में अब दुर्ग ब्लाक भी शामिल हो गया है। अफसरों ने बताया कि, पेयजल की समस्या होने पर ग्रामीणों की मांग के अनुसार धमधा के धरमपुरा में 550 सौ फूट तक खुदाई की गई, जहां मुश्किल से दो का मोटर लगाया गया है। यहां सिर्फ सिपेज वाटर से बोर चलेगा। वहीं दुर्ग के गिनयारी और खेदामरा गांव में साढे पांच सो फूट तक खुदाई किया गया। यहां भी एक बूंद पानी पीएचई विभाग को नही मिला हैं। जिससे पीएचई विभाग के अफसर भी सक्ते में आ गए हैं। यही हाल दुर्ग के ग्राम कोढिया में सामने आया है। जहां 550 फूट तक की गहराई किए जाने के बाद भी एक बूंद पानी नही मिला। अफसरों की माने तो इससे पहले इस तरह के हालात नही थे। लेकिन इस साल जलस्तर साढे पांच सौ नीचे तक चला गया हैं।



### भूजल स्तर गिरने से 155 हैंडपंप बंद

जानकारी अनुसार जिले में 5219 हैंडपंप स्थापित है। जिसमें 4933 हैंडपंप चालू बताए जा रहे है। जबकि 286 हैंडपंप बंद हो चुके है। वही 155 हैंडपंप ऐसे हैं, जहां जलस्तर गिरने से बंद हो गए है। जबकि साठ हैंडपंप सुधार योग्य नही है। अफसरों ने बताया कि, धमधा ब्लाक के कई हैंडपंप काम करना बंद कर चुका है। पीएचई विभाग ने यहां हैंडपंप की जांच कराई तो तीस मीटर तक जलस्तर नीचे चला गया हैं। वही दुर्ग ब्लाक के हैंडपंप में जलस्तर 25 मीटर तक नीचे है। ऐसे में हैंडपंप बंद होने के कगार में हैं।

### नदी किनारे की स्थिति चिंताजनक

शिवनाथ नदी किनारे हर साल पानी होने के कारण जलस्तर बरकरार रहता था। लेकिन इस बार भी नदी किनारे गांव में जलस्तर गिरने लगा है। नदी से लगे ननकट्टी गांव के किसान रवि ताम्रकार ने बताया कि, उन्होने सात सौ फूट बोर खनन कराया, लेकिन पानी नही निकला। नदी किनारे का क्षेत्र होने के बाद ऐसी स्थिति देख वे भी हैरान हो गए। ग्रामीणों की माने तो रवेली, सघनी, बांसघाट, झेंझरी एनीकट भी सूख गया हैं। जबकि पिछले साल यहां पन्द्रह फीट तक नदी में पानी भरा था।

### एक वाहन के भरोसे जिला

विगत दिनों जिला पंचायत के सामान्य सभा में जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों द्वारा बोर कराए जाने की मांग को अफसरों के समक्ष रखा। अफसरों ने बताया कि, अब तक सौ से अधिक डिमांड आ चुके है। सभा में जनप्रतिनिधि हैरान तब रहे जब बताया गया कि, उनके पास सिर्फ एक ही वाहन उपलब्ध है। एक दिन में वे सिर्फ एक ही बोरवेल्स कर पा रहे हैं। जनप्रतिनिधियों ने कहा ऐसे में तो डिमांड होने के पहले सीजन समाप्त हो जाएगा और भरी गर्मी में पेयजल संकट समाप्त करना मुश्किल होगा।

### धान फसल लेने वाले किसान भी परेशान

जिले में इस बार धान फसलों की भी दयनीय स्थिति है। कई गांव में किसान धान का फसल मरने के कारण मवेशियों को छोड चुके है। समोदा के किसान शिशुपाल देशमुख ने बताया कि, उन्होने तीन एकड में फसल लगाया था। पानी नही होने के कारण फसल मर चुका है। वहीं मनीष ठाकुर का दो एकड और दिनेश देखमुख का दो एकड व चितराखन देखमुख एक एकड में धान लगाने की बात बताई। लेकिन पानी की कमी से वे फसल को मवेशियों के हवाले कर चुके हैं।

**बोरवेल्स सक्सेज नहीं**

"धमधा और दुर्ग के कुछ गांव में साढे पांच सौ फूट तक पानी नही मिल रहा हैं। इससे ज्यादा खुदाई की अनुमति नही है। पहली बार जिले में जलस्तर इतना कम हुआ हैं। -**पीएस ठाकुर,** एसडीओ दुर्ग

**औचक निरीक्षण**

## रैन बसेरा में गंदगी देख मेयर ने संचालक को लगाई फटकार



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

महापौर अलका बाघमार ने न्यू बस स्टैंड में संचालित रैन बसेरा का आकस्मिक निरीक्षण किया। वहां की व्यवस्थाओं व सुविधाओं का जायजा लिया तथा व्यवस्थाओं को और अधिक बेहतर बनाने के सख्त निर्देश दिए। इस दौरान वहां बाथरूम में गंदगी मिलने पर संचालक को फटकार लगाई।उन्होंने रैन बसेरा में रात्रि विश्राम हेतु ठहरे हुए लोगों से भी भेंट की तथा रैन बसेरा में उपलब्ध सुविधाओं पर उनसे चर्चा की। मौके पर बाथरूप में सफाई व्यवस्था सही नही पाए जाने पर रैन बसेरा के संचालक पर नाराजगी जाहिर करते हुए जमकर फटकार लगाई कहा सफाई व्यवस्था बेहतर बनाकर रखें। इसके आलावा महापौर ने पुलगांव स्थित गौठान का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने कल्याणम महिला स्व सहायता समूह के संचालक से मुलाकात की और गौठान की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। डाक्टर द्वारा प्रतिदिन गायों के स्वास्थ्य की जांच और इलाज की जानकारी लेने के साथ ही गौठान में मवेशियों के लिये की गई व्यवस्थाओं को लेकर महापौर ने समूह के संचालक से गौठान में गायों के रहने की व्यवस्था और चारा आदि के प्रबंधन की भी जानकारी ली। महापौर ने गौठान की स्थिति का जायजा लेते हुए सख्त निर्देश देते हुए कहा कि बारिश के मौसम के कारण पानी का जमाव वाले स्थानों पर शेड निर्माण जल्द शुरू करने के निर्देश भी दिये ताकि जानवरों को बारिश और कीचड़ से बचाया जा सके।

- अचानक निरीक्षण में पहुंची मेयर अल्का रैन बसेरा

### मुक्तिधाम मार्ग चौड़ीकरण कार्य का भूमिपूजन

शिवनाथ नाथ मुक्तिधाम मार्ग डामरीकरण कार्य महापौर अलका बाघमार द्वारा डामरीकरण कार्य का भूमिपूजन किया। मौके पर उन्होंने अधिकारियों के साथ निर्माण कार्य स्थल का निरीक्षण कर शिवनाथ नदी गंजपारा महमरा मार्ग पर डामरीकरण सड़क चौड़ीकरण कार्यो को लेकर कार्य मे तेजी लाने की बात मौजूद अधिकारियों से कही।

## निकायों में लगेंगे शिविर, समीक्षा बैठक में प्राप्त आवेदनों का होगा निराकरण

**दुर्ग।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में सुशासन तिहार-2025 कार्यक्रम संचालित है। कलेक्टर अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन में जिले में सुशासन तिहार 2025 के तहत पहले चरण (8 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 तक) में समाधान पेटी, ऑनलाइन माध्यम से आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। उक्त प्राप्त हुए आवेदन पत्रों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जाना है। निराकरण की प्रगति की समीक्षा निर्धारित तिथियों एवं स्थानों में प्रातः 10 बजे से की जाएगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार 26 अप्रैल को नगर पालिक निगम दुर्ग क्षेत्र तथा नगर पंचायत उतई क्षेत्र के आवेदनों की समीक्षा लोक निर्माण विभाग दुर्ग के सभागार में की जाएगी। इसी प्रकार 27 अप्रैल को नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र तथा नगर पालिक निगम रिसाली क्षेत्र के आवेदनों की समीक्षा नगर पालिक निगम भिलाई के सभाकक्ष में होगा।

**एमआईसी की बैठक में विभिन्न विकास कार्यों की मंजूरी**

## सीमेंटीकरण, नाली निर्माण और बिजली पोल लगाने दी मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर परिषद की बैठक महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में बिन्दुवार 10 एजेण्डा विस्तृत चर्चा हेतु रखा गया था। जिसमें प्रमुख रूप से मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना अंतर्गत प्रथम चरण में प्रदेश के समस्त नगर पालिक निगमों हेतु शहर में यातायात की बढ़ती समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए सड़क निर्माण, चौंडीकरण जैसे अन्य कार्य कराया जाना है। इसी के तारतम्य में जोन 2 वैशाली नगर क्षेत्रांतर्गत विकास कार्यो को समिति के सदस्य के समक्ष प्रस्ताव बनाकर प्रस्तुत किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से वार्ड क्रं. 21 विद्युत पोल क्रं. 21/360, वार्ड क्रं. 23 घॉसीदास नगर कर्बला मैदान के सामने मुख्य मार्ग, वार्ड क्रं. 21 कैलाश नगर विद्युत पोल क्रं. 21/347 तक अटल आवास मार्ग, वार्ड क्रं. 22 प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना से सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल तक, वार्ड क्रं. 21 महावीर मार्ग का सीमेंटीकरण एवं नाली निर्माण, वार्ड क्रं. 25 जवाहर नगर वेंडिंग जोन से ज्योतिबा फुले चौंक तक, वार्ड क्रं. 22 कुरूद बस्ती से गोकुल नगर तक डामरीकरण एवं सीमेंटीकरण एवं नाली निर्माण 634 लाख 67 हजार के प्रस्ताव की आवश्यकता को देखते हुए स्वीकृति प्रदान किया गया।

### जोन तीन में इन कार्यों का प्रस्ताव मंजूर

जोन 3 में सड़क नं. 18 के बगल से जवाहर मार्केट तक, बैकुण्ठधाम मंदिर से होते हुए किशन चौंक होते हुए नंदिनी रोड तक की स्वीकृति प्रदान की गई। वार्ड 7 रानी अवंती बाई सरोवर का सौंदर्यीकरण कार्य वार्ड पार्षद, आम नागरिको के मांग अनुसार एवं उच्च अधिकारियों के भ्रमण के दौरान कार्य की आवश्यकता को देखते हुए 181 लाख 39 हजार का पत्र शासन को भेजे जाने से पूर्व अनुमति हेतु महापौर परिषद में रखा गया था। जिसे परिषद में चर्चा के बाद स्वीकृति प्रदान की। शहीदों के सम्मानों में उनके नाम पर सड़कों, चौराहों, भवनों एवं ईमारतों के नामकरण के संबंध में प्रस्ताव आया जिस पर समिति के सदस्यों ने चर्चा के दौरान महापौर पाल ने अधिकारियो को यह भी बताया कि यह ध्यान रखा जावे कि किसी भी चौक चौराहो का पूर्व में नामकरण न हुआ हो।

### आंतकी हमले के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

महापौर परिषद के सदस्यगण, आयुक्त एवं अधिकारीगणों द्वारा पहलगांव में आतंकी हमलों में हताहत हुए पर्यटकों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करते हुए मौन रखा गया। ईश्वर से प्रार्थना किया गया कि उनके परिवारो को दूख सहने का संबल प्रदान करें। जो लोग घायल है वे शीध्र स्वस्थ्य हो जावे। बैठक में महापौर परिषद के सदस्य लक्ष्मीपति राजू, सीजू एन्थोनी, संदीप निरंकारी, आदित्य सिंह, एकांश बंछोर, लालचंद वर्मा, केशव चैबे, चंद्रशेखर गंवई, नेहा साहू, आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, सचिव नरेन्द्र कुमार बंजारे, जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, सतीश यादव, रवि सिन्हा, कुलदीप गुप्ता, कार्यपालन अभियंता आर.एस.राजपूत, अरविंद शर्मा, संजय अग्रवाल आदि मौजूद थे।

## अधिवक्ता संघ ने राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद ने उच्च न्याय पालिका में हाल ही में हुई घटनाओं के पश्चात विभिन्न क्षेत्रों के महत्वपूर्ण व्यक्तियों से बातचीत की और उच्च न्यायालय और जिला स्तर के अधिवक्ताओं से फीड बैंक प्राप्त करने के उपरांत अपनी राष्ट्रीय कार्यकारणी की बैठक विगत 12 एवं 13 अप्रैल 2025 को विजयवाडा (आंध्र प्रदेश) में नियुक्ति और न्यायिक आचरण की निगरानी की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाने के लिए व कानून लाने और स्वतंत्र न्याय पालिका की जवाबदेही पर प्रस्ताव पारित किया।

आज 24 अप्रैल को अधिवक्ता परिषद छत्तीसगढ़ प्रांत की सभी जिला इकाई के द्वारा जिले के कलेक्टर के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति महोदया एवं सम्माननीय मुख्य न्यायमूर्ति महोदय सर्वोच्च न्यायालय दिल्ली को उपरोक्त प्रस्ताव प्रेषित कर उस पर अग्रिम कार्यवाही करने ज्ञापन सौंपा गया। अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद जिला इकाई दुर्ग के द्वारा 12 अप्रैल को राष्ट्रीय कार्यकारणी की बैठक में पारित प्रस्ताव की प्रति एवं ज्ञापन जिलाधीश दुर्ग को सौंप कर कार्यवाही हेतु निवेदन किया गया। इसी के साथ में विगत दिनों कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों द्वारा 26 भारतीयों को बर्बरतापूर्वक गोली मारकर हत्या की निन्दा करते हुए आतंकियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन सौंपने के दौरान अधिवक्ता परिषद दुर्ग इकाई के अध्यक्ष समीर त्रिपाठी महामंत्री दीपेंद्र देशमुख, राजेश कुमार महाडीक, लक्ष्मीकांत शर्मा,ए म. कामाक्षम्मा आदि मौजूद थे।

## शिवनाथ तट पर्यटन स्थल के रूप में होगा तब्दील

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शिवनाथ नदी तट का संरक्षण करने रिटनिंग वाल, सस्पेंशन ब्रिज, पाथवे निर्माण और महमरा की ओर गार्डन निर्माण होगा।

यहां पर आने वाले नागरिकों की संख्या को देखते हुए इस जगह को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने कार्ययोजना को लेकर विधायक गजेन्द्र यादव ने शहर के जनप्रतिनिधियों, अधिकारी और इंजीनियर की टीम के साथ स्थल निरिक्षण कर सभी तकनीकी पहलुओं की जानकारी लिए।

महाशिवरात्रि पर लगने वाले मेले और महाआरती जैसे धार्मिक आयोजनों में आने वाले श्रद्धालुओं के बैठक हेतु सिटिंग गैलरी सहित अन्य सुविधाओं में विस्तार और पार्किंग जोन तथा पाथवे बनने से नदी किनारे प्राकृतिक वातावरण में सुबह शाम घूमने वाले नागरिकों की संख्या और बढ़ेगी। इसे लेकर पार्किंग जोन भी बढ़ाया जायेगा। दुर्ग विधानसभा क्षेत्र में शासन से स्वीकृति सभी कार्यों को प्रारंभ कराने विधायक गजेन्द्र यादव प्रतिदिन फील्ड में पहुंच रहे है।

## पेज 3 के शेष

### वातावरण ...

देखेंगे, तो उन्हें साकार करना कठिन होगा। सपने देखने के साथ-साथ उन्हें पूरा करने की दिशा में ठोस कदम उठाना आवश्यक है।"विधायक ने अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए कहा कि उन्होंने 2018 में शिक्षक की नौकरी छोड़कर जनसेवा का मार्ग अपनाया, और जनता का अपार स्नेह ही उन्हें राजनीति में आगे ले आया। उन्होंने छात्रों को अपने लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्ध रहने और सकारात्मक सोच रखने की प्रेरणा दी। इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्या डॉ वीणा त्रिपाठी ने बताया कि 1997 से स्वर्ण पदक प्रदान किया जाता रहा है ताकि विद्यार्थी भविष्य में और अच्छा कार्य करने के लिए प्रेरित हो सके। कार्यक्रम का संचालन इतिहास विभाग के प्रोफेसर जितेन्द्र बारले ने किया। इस कार्यक्रम में श्री दिनेश साहू, श्री डी आर साहू, बी आर साहू, एम एफ खान , डॉ डी द्विवेदी, सुश्री शैल शर्मा, डी पी जनघेल,श्रीमती ज्योति , डॉ पायल गोस्वामी, डॉ डोसन साहू, आशुतोष शुक्ला समस्त स्टॉफ के साथ साथ छात्र छात्राएं शामिल हुए। भूगोल विभाग के डॉ द्विवेदी द्वारा आभार प्रकट किया गया।

### अक्षय तृतीया की ...

से सप्ताहभर पहले से ही तैयारी में जुट जाते हैं। इसके लिए वे आपस में पैसे जमा करके जरूरी सामान जुटाते हैं। बच्चों की खुशी में परिवार के लोग भी शामिल होते हैं, ताकि उनका आयोजन सफल हो सके। **गुड्डे - गुड़िया के साथ खरीद रहे सामानः** इस परंपरा को निभाने का समय जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, बच्चों का समूह कॉलोनियों और बस्तियों में गुड्डे - गुड़िया का विवाह रचाने के लिए तैयारी में है। इसमें परिवार के लोगों को साथ लेकर बाजार से गुड्डे-गुड़िया के साथ बारातियों का सेट भी खरीद रहे हैं। इसके लिए लोगों को 500 रुपए देना पड़ रहा है। बाजार में राधा-कृष्ण किसान सहित अन्य गेटअप वाले गुड्डे और गुड़िया को मिट्टी से तराशने के बाद आकर्षक लुक दिया है। 100 से 300 रुपए की रेंज में मिलने से लोग बच्चों की खुशी के लिए खरीदने में भी रुचि ले रहे है।

### गरमी का प्रकोप...

बताया कि जलसंकट की स्थिति को देखते हुए गाँव मे पानी की आपूर्ति हेतु 05 टैंकर लगाया गया है, जिससे गाँव मे जलसंकट की समस्या का समाधान हो सके। हालांकि इस क्षेत्र में पानी की कमी को लेकर भविष्य के लिए एक वृहद जलजीवन मिशन कार्य के तहत शिवनाथ नदी पर करीब 110 करोड़ रुपये की लागत से कुम्हिगुड़ा परियोजना का निर्माण कार्य काफी तेज प्रगति में है, जिसके अंतर्गत साजा क्षेत्र के ग्राम काँचरी, सोनडोंगरी, अमलीडीह, बिरनपुर, तुमड़ीपार में वृहद पानीटैंक का निर्माण किया जा रहा है, जो शिवनाथ नदी से सीधे जलशोधन केंद्र होकर वृहद टँकीयों के माध्यम से एरिया के करीब 50 से 60 गाँवो में निरन्त जल की सप्लाई हो पाएगी। लेकिन इसके लिए भो स्थानीय क्षेत्रवासियों को करीब दो से तीन साल का इन्जार करना पड़ेगा। वही साजा के अलावा अन्य ब्लॉकों में बेरला, नवागढ़ व बेमेतरा क्षेत्र में भी पेयजल व पानी को लेकर समस्याएं सामने आने लगी है, जो चिंताजनक है।

### वन नेशन वन इलेक्शन ....

शर्मा ने विचार व्यक्त करते हुए केंद्र सरकार व भाजपा के वन नेशन वन इलेक्शन महत्त्वा पर जहां संगोष्ठी में विचार साझा किया वही विस्तार से जानकारी दी ।कार्यक्रम के संचालन हर्षवर्धन तिवारी के द्वारा किया गया जबकि कार्यक्रम की समापन में आभार प्रदर्शन जिला संयोजक संजीव तिवारी के द्वारा किया गया । गौरतलब हो कि वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर भारतीय जनता पार्टी के द्वारा लोगों तक केंद्र सरकार की मनसा पहुंचने के लिए समिति का गठन किया गया है जिसके संभाग के प्रभारी अभिषेक सिंह पूर्व सांसद राजनंदगांव तथा संयोजक प्रेम प्रकाश पांडे पूर्व मंत्री छत्तीसगढ़ शासन एवं अवधेश चंदेल पूर्व विधायक बेमेतरा को यह जिम्मेदारी दी गई है ।

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शनिवार 26 अप्रैल 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

4 विश्व मलेरिया दिवस पर जागरुकता रथ किया रवाना



2 जिले में 550 फुट बोरवेल्स खोदने पर भी नहीं मिल ...



## खबर संक्षेप

### शिवसेना ने आतंकी हमले की निंदा की

**बेमेतरा।** शिवसेना उद्धव वाला साहब पार्टी ने पहलगाम कश्मीर में पर्यटकों पर आतंकी हमले की कड़ी शब्दों में निंदा की । शिवसेना के प्रदेश सचिव एवं जिला प्रभारी दाऊ राम चौहान ने जारी बयान में कहा कि कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकी हमला एक सोची समझी साजिश है ,जिस तरह आतंकवादियों ने धर्म पूछ कर हत्याएं करना यह दर्शाता है कि आतंकवाद का धर्म अब स्पष्ट हो चुका है ओर यह भी स्पष्ट होता नजर आ रहा है कि यह एक साजिश की तरह अंजाम दिया गया है जिसकी जांच होनी चाहिए इसके अलावा शिवसेना नेता ने कहा इस पर सरकार को कड़ी से कड़ी कार्यवाही करते हुए पुनः कश्मीर में सर उठा रहे आतंकवाद को समूल रूप से नष्ट करने सरकार को सख्त कदम उठाने चाहिए ।

### भनसुली आईटी छात्रों ने की 10 दिनी इंटर्नशिप



**बेमेतरा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भनसुली में संचालित व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत आईटी ट्रेड के 11वीं और 12 वीं के छात्र/छात्राओं को 10 दिवसीय इंटर्नशिप कराया गया । इस मौके पर इंटर्नशिप के लिए छात्रों को माइक्रोनेट कंप्यूटर बालसमुद ले जाया गया।जहां छात्रों को संस्था के जोन कॉर्डिनेटर मणिप्रकाश निर्मलकर ने मार्गदर्शन देते हुए कंप्यूटर के उपयोग संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी वही छात्र / छात्राओं को रोजगार उन्मुख प्रशिक्षण प्रदान किया गया। यह इंटर्नशिप प्राचार्य सुरेश चंद्र यादव एवं स्टाफ के संरक्षण में सफलता पूर्वक कराया गया।

### लालपुर स्कूल पर पढ़ई तिहार में मनाया गया

**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला लालपुर विकासखंड नवागढ़ में पढ़ई तिहार पर माता उन्मुखीकरण कार्यक्रम में ग्रामीण माताओं ने विभिन्न गतिविधियों को करते हुए सभी भाग लिए। छोटे बच्चों में दक्षता प्राप्त करने के लिए विभिन्न गतिविधि को शामिल किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से संतुलन बनाकर चलना, कूदना, पेपर फोल्डिंग, रंग पहचान, मिलान करना, वर्गीकरण करना, क्रम से लगाना, चित्र वाचन करना, आकर पहचान, अंक पहचान, जोड़ घटाव, भाव पहचान की गतिविधि कराई गई। पढ़ई तिहार कार्यक्रम में संकुल समन्वयक सतीश कुमार कुर्रे, प्रधान पाठक बृजपाल सिंह डाहिरे, शिक्षक मोतीराम पात्रे, शान्त कुमार पटेल, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुखमणि बांधे, सहायिका कमलेश्वरी, मितानिन जमुना बांधे, ग्रामीण माता राजकुमारी महिलांग, नीतू कुर्रे, सुमन बंजारे, राजेश बाई, जानकी, सीता,धनेश्री कुर्रे, चमेली उपस्थित रही।

# नेहरू कालेज के 14 मेधावी विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक से किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय पंडित जवाहरलाल नेहरू कला एवं विज्ञान महाविद्यालय में स्वर्ण पदम वितरण सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक दीपेश साहू जी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके पश्चात मंच पर उपस्थित अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं बैज लगाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की विभिन्न संकायों में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले 14 प्रतिभावान विद्यार्थियों आशीष कुमार, अंजू चहल, कु. रेणुका, प्रीति, मीनाक्षी, हर्षा शर्मा,दुर्गा, अनित कुमार, चांदनी, लुकेश्वरी, लीना, अविनाश कुमार कु. दुर्गा, हर्षिता केसर को स्वर्ण पदक, प्रशस्ति पत्र, नारियल एवं शाल भेंटकर सम्मानित किया गया। अपने उद्बोधन में श्री साहू ने कहा स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को अपनी ओर से ढेर सारी शुभकामनाएं देता हूँ। यह सम्मान न केवल आपके परिश्रम का प्रतीक है, बल्कि आने वाले विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी है।" उन्होंने आगे कहा, "जो विद्यार्थी आज शीर्ष स्थान पर हैं, उन्हें देखकर बाकी छात्र भी मेहनत करें और आने वाले समय में खुद को साबित करें की हम भी आगामी समय मे एक बड़े लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं ।

## पीजी कॉलेज के समारोह मे विधायक दीपेश साहू हुए शामिल



### वातावरण अनुशासित

कॉलेज का अनुशासित वातावरण ही यहाँ की सबसे बड़ी विशेषता है, जहाँ विद्यार्थी एकाग्रचित्त होकर लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं।" श्री साहू ने छात्रों को मोबाइल, सोशल मीडिया और व्यर्थ की गतिविधियों से दूर रहने की सलाह दी और कहा कि पढ़ाई एकाग्रता और समर्पण की मांग करती है। उन्होंने कहा, "दुनिया सिर्फ सफलता देखती है। यदि आप अपने सपनों को स्पष्ट रूप से नहीं ▶▶| शेष पेज 02 पर

## वातावरण और पर्यावरण संतुलन के लिए स्थापित कुंज की देखभाल में बरती जा रही कोताही

# नगर पंचायत की लापरवाही से लाखों की लागत ने बना कृष्णा कुंज उजाड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| परपोड़ी

■ योजना के नाम पर अधिकारी सिर्फ खाना पूर्ति करते हैं कोई सुध नहीं लेते


ग्राम भटगांव मार्ग पर स्थित कृष्णा कुंज जहाँ वन विभाग द्वारा 0.44 हेक्टेयर जमीन पर नगर के वातावरण और पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने के लिए वृक्षा रोपण कर जाली तार लगाकर सुरक्षित किया गया हैं आज क्या हैं वहाँ की स्थिति?

पढ़ने और सुनने मे आपको थोड़ा आश्चर्य हो रहा होगा की हआपके साजा विधानसभा मे वन मंडल जैसी भी कोई योजना और विभाग होंगी साजा एक मैदानी और क्रृषि प्रधान क्षेत्र हैं वन क्षेत्र से 40,50 किमी की दुरी मे स्थित कवर्धा राजनांदगाव क्षेत्र मे तो वन से संबंधित योजनाएँ यहां कैसे लागु हुई और हुई तो कहा? और क्या हैं उस योजना की वर्तमान स्थिति ? कितनी लागत से निर्माण किया गया? सभी के मन मे यह प्रश्न अवश्य आ रहा होगा




तो आइए जानते हैं। छत्तीसगढ़ शासन वन एवं जलवायु परिवर्तन द्वारा उदमी योजना के तहत वन मंडल परिक्षेप साजा दुर्ग छत्तीसगढ़ द्वारा पर्यावरण वानिकी मद के तहत विगत वर्ष सन 2022-23 मे अलग अलग प्रजातियों और प्रकार के लाखो की लागत के वृक्ष रोपण किया गया साथ हि साथ कृष्णा कुंज के बाहर लगे होल्डिंग बोर्ड पर आप सभी वृक्ष गुण नाम और प्रजातियों के बारे मे पढ़ सकते हैं बड़े बड़े स्पष्ट शब्दों मे लिखा गया हैं, किन्तु आज वहाँ की स्थिति क्या हैं, कोई सुध लेने वाला नहीं उसके रख रखाव के नाम पर लाखो रुपए प्रस्तावित कर तो दी जाती हैं,परन्तु उस राशि का कोई सदुपयोग नहीं किया जाता ऐसे हि सरकार की कई महत्वकान्छी योजना गर्त मे चली जाती हैं, योजना के नाम पर अधिकारी सिर्फ खाना पूर्ति करते हैं कोई सुध नहीं ले रहा देख रेख और पानी के आभाव मे वृछो का जीवन समाप्त होने के कगार पर हैं।

# परपोड़ी क्षेत्र में अतिक्रमण पर शासन प्रशासन ने साधी चुप्पी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| परपोड़ी

नगर पंचायत परपोडी मे टिन डिब्बे बना कर अतिक्रमण करने की बाढ आ गया है लोगो को जहा जगह मिल रही है वहा लोग अतिक्रमण कर दुकान संचालन किया जा रहा है ।

हर्रा लगे ना फिटकिरी रंग चोखा यह कहावत सही साबित होते नगर में दिख रहा है , टिन सेट खडा किया और दुसरे दिन से दुकान चालु , जो टिन रखने वाला दुकानदार नगर पंचायत परपोडी मे यदी चढावा नही चढाया है तो उसका दुकान तुरंत हटा दिया जाता है और यदी चढावा कार्यालय तक किसी भी माध्यम से पहोच गया हो तो आप बिच रोड पर दुकान लगा सकते है आपको यदि चढ़ावा नहीं देना है तो आपको नगर पंचायत चुने हुए प्रतिनिधियों का साथ मिलना चाहिए तो आपको चढ़ावा देने की कोई आवश्यकता नहीं है , चुने हुए निर्वाचित प्रतिनिधि का भी नगर में अतिक्रमण है, नियम कानून की बड़ी बड़ी बाते करने वाले अधिकारी कर्मचारी भी चुने हुए जन प्रतिनिधियों के सामने बेबस नजर आ रहे है, नगर पालिका अधिनियम के तहत ऐसे पार्षदों का निर्वाचन शून्य किया जा सकता है । लेकिन शासन प्रशाशन आंख मूंदकर बैठी है आपको बोलने के लिए कोई नही आयेगा यह है नगर पंचायत परपोडी का शासन अकेले बस स्टैंड तथा आसपास के क्षेत्र मे सैकडो कब्जा धारी मिलेंगे और बडे मजे की बात तो तब जब लोग अपनी दुकान को किराया दे रहे है और अतिक्रमण मे बडी बडी दुकाने बना कर चला रहे है और अतिक्रमण की हद तो तब हो गयी जब लोग सरकारी दुकान कांप्लेक्स मे भी मनचाहा अतिक्रमण कर रहे है और नगर प्रशासन मुखबधिर होकर देख रही है ।

# अक्षय तृतीया की तैयारी, गुड्डे-गुड़िया, सितारों से बने मोर मुकुट की बाजार में रौनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

अक्षय तृतीया इस बार 30 अप्रैल को मनाई जाएगी, लेकिन स्कूलों से राहत मिलने से बच्चे अब गुड्डे गुड़िया की शादी करने और महा सजाने की तैयारी में जुट गए है।

■ परंपरा निभाने चल रही है खरीदी, मिट्टी के कारीगरों ने सजाई दुकानें

इससे गोल बाजार में वैवाहिक साजो-सामान बेचने वालों के पास बड़ी गुड़िया की शादी के लिए सामान खरीदने परिवार के लोगों के साथ बच्चे भी पहुंचने लगे है। इनके लिए 50 से 100 रुपए की रेंज में मंडप में उपयोगी सामानों का भी पैकेट दुकानदार सजाने लगे है।



वहीं, दूसरी तरफ अक्षय तृतीया को अबूझ मुहूर्त के रूप में स्वीकार किया जाता है। इस दिन जिन्हें शादी के लिए मुहूर्त नहीं मिलता। वैसे लोग विशेष मुहूर्त में वैवाहिक आयोजन करते हैं। इससे रौनक बढ़ने लगी है। रस्मों-रिवाज से होने वाली शादियों में रेडिमेड बांस का सूपा, पर्रा, टोकनी, तोरण,कटार, रंग-बिरंगी पंखी.सितारों से बने दूल्हा-दुल्हन के मोर-मुकुट पैकिंग का हिस्सा है।

### बड़ों की तरह बच्चे निभाते हैं दायित्व

अक्षय तृतीया के दिन छोटे बच्चे भी बड़ों की तरह ही गुड्डे- गुड़िया की शादी करते हैं। इसमें आस-पास रहने वाले लोगों को शामिल होने के लिए आमंत्रित भी करते हैं। बारातियों का स्वागत करने के लिए पूडी, सब्जी, बौर के साथ नास्ता भी परोसते हैं। इसमें वे बड़ों की तरह ही अक्षय तृतीया ▶▶| शेष पेज 02 पर

## जिले की लाइफलाइन शिवनाथ नदी का भी हाल बेहाल

# गर्मी का प्रकोप, गांव-गांव में जलसंकट विकराल, अन्य साधनों से जलापूर्ति जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भीषण गर्मी का ज़लि में कहर पेयजलापूर्ति को लेकर शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों बड़ा गम्भीर संकट भी खड़ा हो गया है,जिसके कारण जिलेभर के अधिकांश गाँवो में जलसंकट की समस्या आ गयी है, जिसे देखते हुए शासन- प्रशासन द्वारा प्रभावित इलाकों में अपने अपने स्तर पर पेयजल व्यवस्था की आपूर्ति की जा रही है, किन्तु गर्मी के लगातार बढ़ने के कारण क्षेत्र के समस्त प्राकृतिक जलश्रोत के सूखने के साथ वाटर लेवल में काफी कमी देखने को मिल रही है।

जिससे आगामी दौर के निकट भविष्य के बजाए जलसंकट की गम्भीर चुनौती का सामना अब से होने लगी है। लिहाजा जिलेवासी काफी चिन्तित भी नज़र आ रहे है। दरअसल गर्मी के इस दौर में ज़लि के चारों विकासखण्डों में जिस तरह से जलस्तर का गिरना चिंता जनक है वही ज़लि के अहम नदियों से लेकर गाँव के तालाबों तक इन दिनों पूर्णतः सिमटकर सुख चुके है अथवा सूखने



की कगार पर है। वही ताज़ा हाल में ज़लि की लाइफलाइन माने जाने वाली शिवनाथ नदी का भी हाल बेहाल है। एक समय बरसात में शिवनाथ पर बाढ़ व उफान की स्थिति देखने को मिलती है वही अभी यह नदी केवल पतली धारा में तब्दील होकर अपने अस्तित्व की संकट से जूझ रही है।जबकि इनके सहायक खारुन, सुरही व हॉफ नदी की स्थिति तो और भयंकर है। फलस्वरूप देखा जाए नदियों एवं जलाशयों के सुख जाने का असर जलस्तर पर स्पष्ट देखने को मिल रहा है। आलम यह है कि अब जिलेवासियों को गर्मी में फिलहाल पेयजल के लिए काफी जद्दोजहद व मशक्कत करनी पड़ रही है।

### आधा दर्जन टैंकरों से जलापूर्ति

शहर की स्थिति पेयजल को लेकर गंभीर है लेकिन ज़लि की जलसंकट का ताज़ा नज़ारा साजा ब्लॉक के ग्राम पंचायत हाथीडोब व उसके सहायक ग्राम सोनडोंगरी में देखने को मिल रहा है। जहाँ पर स्थानीय प्रशासन द्वारा करीब आधा दर्जन भर टैंकर के सहारे गाँव में जलापूर्ति की सप्लाई की जा रही है। हाथीडोब के ही आश्रित गभराडीह से पानी लेकर हाथीडोब व सोनडोंगरी गाँव में पीने व अन्य जरूरी कार्य के लिए पानी की व्यवस्था कराई जा रही है। इस सम्बंध में गाँव के राकेश, अजय व राहुल ने बताया कि गाँव का जलस्तर डेढ़ सौ फीट से नीचें चला गया है जिसके कारण टैंकर का सहारा लिया जा रहा है। वही स्थानीय ग्राम पंचायत हाथीडोब की नवनिर्वाचित महिला सरपंच रेणु यदु ने ▶▶| शेष पेज 02 पर

## प्रदूषण और संक्रमण बीमारी फैलने की आशंका बढ़ी

# बेरला पशु चिकित्सालय का काई नहीं मां-बाप, खुले में पड़े हैं मेडिकल वेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

नगर मुख्यालय में स्थित पशु विभाग का चिकित्सालय इन दिनों काफी सुर्खियों में है, जहां पर नियत समय पर डॉक्टर सहित अन्य कर्मचारियों की अनुपस्थिति रहती है, वही दफ्तर के पीछे खुले मेडिकल वेस्ट के कूड़े-कचरे को फेंका जा रहा है, जो काफी खतरनाक व जानलेवा है। देखा जाए तो पशुधन विभाग का यह कार्यालय फिलहाल भगवान भरोसे ही बेरला में संचालित हो रही है।

ज्ञात हो कि समूचे जिलेभर में करीब 08 पशु चिकित्सालय एवं चिकित्सा केंद्र के माध्यम से बीमार व घायल पशुओं का उचित उपचार किया जाता है। जिसमे वेटनरी असिस्टेंट व सर्जन के द्वारा पशुओं का त्वरित ईलाज किया जाता है। जिसके लिए प्रशासन द्वारा दोपहर को छोड़कर सुबह व शाम को कार्यालय खोलकर ट्रीटमेंट किया जाना



चाहिए। किंतू ग्रामीण क्षेत्र के कई जगहों पर चिकित्सा केन्द्र पर ताला लटका रहता है तो पशु चिकित्सालय खुल जाने के बाद उसमें डॉक्टर व स्टॉफ की समय पर गैरमौजूदगी भी चर्चे का विषय बन जाता है। हालांकि पशु विभाग में देखा जाए तो पर्याप्त स्टॉफ व सुविधाजनक सुरक्षित बिल्डिंग की कमी एवं गौसेवक की नियमितता सम्बन्धित समस्याओं से जूझ रहा है, जिसके कारण विभागीय कार्यवाही व व्यवस्था में कसावट की कमी देखी जाती है। इसके अलावा बिल्डिंग में सुविधाओं की दरकार होने से डॉक्टरों व स्टॉफ की भी मनमानी देखने को मिलती है। जिसका नजारा कल बेरला के पशु चिकित्सालय में देखने को मिला। जहां पर दफ्तर के पीछे में अलग अलग टँकी में सुरक्षित मेडिकल वेस्ट को फेंकने के बजाए खुले में दवाइयो की सिरिंज व सूइयों सहित खाली बोतल व कांच की शीशियो को फेंककर गम्भीर प्रदूषण फैला रहे है। जबकि नियमतः उनका खुले में फेंकना प्रतिबंधित है, जिसके उल्लंघन करते पाए जाने पर कड़ी दण्डात्मक कार्यवाही एवं जुर्माने का प्रावधान है।

वही उसके उलट बेरला में पशु चिकित्सालय के पीछे बड़ी मात्रा में मेडिकल वेस्ट के कचरे को फेंका व जलाया जा रहा है, जिसके उसके निष्पादन व डिस्पोज व्यवस्था पर सवाल खड़ा रहा है। वही इन दिनों आलम यह है इन मेडिकल वेस्ट के कचरे पर पशुओं की चहलकदमी व आवाजाही दिखाई पड़ रही है जो काफी खतरनाक व जहरीला साबित हो सकता है। जिस पर जिम्मेदार विभागीय अफसरों को त्वरित संज्ञान में लेने की जरूरत है।

# वन नेशन वन इलेक्शन लागू करने से लोकतंत्र और समृद्ध व मजबूत होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

केंद्र सरकार के द्वारा पारित वन नेशन वन इलेक्शन पर स्थानीय महेश्वरी भवन में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में पूर्व विधान सभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडेय ,पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, मंत्री दयाल दास बघेल सहित राजनीतिक दलो के जनप्रतिनिधियों के अतिरिक्त शहर के बुद्धिजीवी वर्ग शामिल हुए ओर एक राष्ट एक चुनाव पर अपने विचार रखें।

देश हित में इस अति महत्वपूर्ण संविधान को लागू किए जाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए वक्ताओं ने कहा कि विकासशील देश के लिए अति आवश्यक है कि देश में एक साथ चुनाव कर जा सके जिससे समय और पैसे की बचत होगी साथ ही साथ ब्यूरोक्रेट्स के




प्रतिभा का पूरा उपयोग देश हित में होगा जिससे देश विकासशील के बदले विकसित देश में अपनी गिनती जल्द ही कर पाएगी केंद्र सरकार के द्वारा देश हित में यह नियम लागू करने की अपनी प्रतिबद्धता बता दी है आवश्यकता है इसे लोगों को अपनाने की ताकि देश विकास के नए सोपान को तय कर सके.. उक्त संगोष्ठी को शहर के बुद्धिजीवी वर्ग में मुख्य रूप से सहयोग संस्था की ओर से अधिवक्ता बृजमोहन शर्मा, अवधेश पटेल, श्रीराम अकादमी के मनीष वर्मा ,हरजीत कौर, प्रखर पांडे, आशीष तिवारी जहां अपने विचार व्यक्त किए वही पूर्व विधान सभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडेय,पूर्व सांसद अभिषेक सिंह,मंत्री बघेल,विधायक दीपेश साहू ,साजा विधायक ईश्वर साहू पूर्व विधायक अवधेश चंदेल,जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहू, पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र ▶▶| शेष पेज 02 पर

## खबर संक्षेप



### मजगांव में समर कैंप और अंगना मां शिक्षा कार्यक्रम

**बेरला।** विकासखण्ड बेरला क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले शासकीय प्राथमिक शाला मजगांव में बच्चों को शिक्षा से जोड़े रखने के लिए तथा शिक्षा के प्रति रुचि जागृत करने के लिए समर कैंप का आयोजन किया गया। इस समर कैंप में बच्चों को नेम प्लेट बनाना, नाव, मेढक, पानी जहाज,गुलाब फूल, पंखुड़ी वाला फूल, पेपर से टोपी बनाना, पेड़ों की पत्तों से मयूर, कछुआ, छाता, झंडा, फूल, गुलदस्ता बनाना तथा शिक्षण सहायक सामग्री बनाना सिखाया गया। इस कार्यक्रम में शाला के सहायक शिक्षक चेतन कुमार साहू व राजेंद्र कुमार साहू का विशेष योगदान रहा। वही समर कैंप समाप्ति के साथ-साथ अंगना में शिक्षा कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमें नौ काउंटर बनाए गए। इन काउंटरों में जो नवप्रवेशी बच्चें है उनको विभिन्न दक्षताओं को पार करना होता है। जो बच्चे सभी दक्षताओं को अच्छे से पार कर पाएं। उनकी माता को स्मार्ट माता के रूप में चयन करके सम्मानित किया गया। स्मार्ट माता के रूप में हिरिया बाई निषाद का चयन किया गया। साथ ही संकुल समन्वय राजेंद्र साहू, शाला विकास व प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विनेश्वरी साहू व प्रधान पाठक प्रकाश वर्मा ने शाला परिवार की ओर से उनका सम्मान किया।

### नहर पास युवक मृत मिला

**राजनांदगांव।** नहर के पास एक युवक मृत अवस्था में मिला। घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। मामले की जांच की जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार चिचोला पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत नहर में युवक मृत अवस्था में मिला। सुबह जब लोगों ने युवक को देखा, तब सनसनी फैल गई। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। पुलिस के अनुसार नहर सूखा था। जिसमें गिरने से युवक के सिर पर लग गया।

## निधन

### परशराम देवांगन

**बेमेतरा।** वरिष्ट अधिवक्ता ग्राम मुटपुरी निवासी परशराम देवांगन (73) का रायपुर स्थित निजी हॉस्पिटल में आकस्मिक निधन हो गया वे अधिवक्ता डिकेन्द्र देवांगन, रमा व डॉ. निधि देवांगन के पिता थे। सामाजिक, राजनैतिक के लोग और अधिवक्ता संघ ने दुख व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी।



### मूलशंकर ताम्रकार

**बेरला।** नगर के वरिष्ठ नागरिक मूलशंकर ताम्रकार गुरुवार 24 अप्रैल आकस्मिक का स्वर्गवास बेरला मे हो गया। जिसका अंतिम संस्कार शुक्रवार को नगर के मुक्तिधाम में किया गया। वे राजकुमार, विनय ताम्रकार नीलकमल ताम्रकार के चाचा थे।



## कार्यक्रम

### डीईओ, डाइट प्राचार्य, बीईओ, बीआरसी विभिन्न कार्यक्रम में शामिल हुए

# जिले की 743 प्राथमिक शालाओं में अंगना मां शिक्षा तिहार उत्साह के साथ मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत अंगना माँ शिक्षा के अंतर्गत पढ़ई तिहार पूरे जिले के 743 प्राथमिक शालाओं में 25 अप्रैल उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस दौरान जिले के शिक्षा विभाग के अधिकारियों की टीम ने विभिन्न प्राथमिक शाला शालाओं का निरीक्षण पर पहुंचे । निरीक्षण टीम में जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे डाइट प्राचार्य जे के घृतलहरे, जिला नोडल अधिकारी बोर्ड परीक्षा एसपी कोशले, विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरुण कुमार खरे, बीआरसी बेमेतरा राजेंद्र कुमार साहू, डाइट व्याख्याता थलज कुमार साहू,ज्योति बनाफर एवं जिला सहायक नोडल रेणुका अग्रवाल शामिल रहे। टीम के सदस्यों ने सबसे पहले शासकीय प्राथमिक शाला बीजाभाट विकासखण्ड बेमेतरा का निरीक्षण किया। जहां बहुत ही शानदार ढंग से कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा था। यहाँ पर माताओं की उपस्थिति भी बहुत अच्छी रही। यहाँ पर लक्षित बच्चों की संख्या 20 बताया गया। इसके पश्चात निरीक्षण टीम शासकीय प्राथमिक शाला ढोलिया पहुंची। जहां पर नवाचारी शिक्षिका सुकन्या राजपूत के मार्गदर्शन में अंगना माँ शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा था। यहाँ 9 काउंटर बनाये गये थे।

- माताओं के लिए बनाए गए नौ काउंटर, 40 महिलाओं ने कार्यक्रम में भाग लिया

**काउंटरों का किया अवलोकन :** माताओं द्वारा 9 काउंटर का अवलोकन कर किस तरह से अपने बच्चों को पढ़ाया जाय, सीखा जा रहा था। बच्चे भी खुशी के साथ अपनी सहभागिता दे रहे थे। यहां पर माताओं की संख्या 40 से अधिक रही। अगली कड़ी में निरीक्षण टीम द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला झाल विकासखण्ड बेमेतरा में निरीक्षण किया गया। जहां शिक्षिका रूपा राजपूत के मार्गदर्शन में 9 काउंटर का अवलोकन किया गया। माता के उत्साहवर्धन के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें सभी मातें ने उत्साहपूर्वक भाग लिए। यहाँ पर माताओं तथा बच्चों को पुरस्कार भी वितरण किया गया। यहां पर बहुत ही शानदार नेवता भोज का आयोजन भी किया गया था। निरीक्षण टीम ने इस नेवता भोज का आनंद लिया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे के द्वारा सभी शिक्षक शिक्षिकाओं के कार्यो की सराहना करते हुए कार्यक्रम की बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। डाइट प्राचार्य जे के घृतलहरे द्वारा बच्चों से बात करते हुए उनसे रोचक जानकारियां ली गई। वे भविष्य में पढ़ लिखकर क्या बनना चाहते है। इसी तरह की जानकारी पूछा गया। बच्चों ने भी बिल्कुल सहज तरीकों से जवाब दिये। ज्योति बनाफर द्वारा माता को किस तरह से अपने बच्चों के साथ खेल-खेल में पढ़ाई करवाई जा सकती है, इसकी जानकारी दी गई। जिले के अन्य सभी प्राथमिक शालाओं में भी अंगना माँ शिक्षा के अंतर्गत पढ़ई तिहार बहुत ही शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संचालित हुआ।



### प्राथमिक शाला दाढ़ी में मनाया गया पढ़ाई तिहार

**दाढ़ी।** प्राथमिक विद्यालय दाढ़ी में अंगना म शिक्षा कार्यक्रम मनाया गया जिसमें बालवाड़ी आंगनबाड़ी के 6वर्ष बच्चों को नव प्रवेश शाला में दाखिल करने के लिए माताओं को बोला गया शाला में भाषा कौशल गणित कौशल गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई जिसमें शाला में कुर्सी दौर का आयोजन किया गया तथा अपने बच्चों को गतिविधि कराने पढ़ाने सिखाने के लिए प्रेरित किया गया जिसमें सरस्वती साहू को स्मार्ट माता के लिए चयन किया गया जिसमें संस्था प्रमुख चंद्रभान सिंह धुर्वे ने सभी को बधाई शुभकामनाएं दी गई जिसमें संस्था से महेश्वर सिंह चंदेल आरती गुप्ता भुनेश्वरी कुंभकार उर्मिला साहू लालेश्वरी राजवाड़े सरस्वती साहू सबीना बेगम आंगनबाड़ी कार्यकर्ता लक्ष्मी जायसवाल सुलोचनी कुंभकार गीता कुंभकार राजिम जायसवाल ललिता कुंभकार शशि प्रकाश डोमन धुर्वे अनुसुइया निषाद आदि उपस्थित थे



### पढ़ाई तिहार में माताओं के लिए की विविध गतिविधियां



**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला डीहपारा बासीन विकासखण्ड साजा में अंगना माँ शिक्षा के अंतर्गत पढई तिहार का आयोजन किया गया। नई शिक्षा नीति 2020 के अनुसार बुनियादी स्तर पर बच्चों मे समग्र विकास के लिए विभिन्न प्रयास किए जा रहे है। इसके तहत 5 वर्ष से प्राथमिक शाला में प्रवेश लेने वाले बच्चों के लिए अंगना माँ शिक्षा कार्यक्रम के तहत पढ़ई तिहार का आयोजन किया गया। जहां मेला लगाकर 9 काऊंटर बनाया गया। भाषा गणित की पूर्व तैयारी बच्चों का कोना माताओं के सहयोग से विभिन्न गतिविधियों कराया गया। संस्था प्रमुख प्रधान पाठक गोपी चरण साहू ने बताया कि यह कार्यक्रम मुख्यतः माताओं और समूह को केन्द्रीत करके बनाया गया है। ताकि माताएँ और उनके समूह अपने बच्चों और स्वयं की उन्मुखीकरण के लिए तैयार हो सके। उक्त कार्यक्रम में रेखा बाई यादव, जमुना ठाकुर पूर्णिमा भुनेश्वरी गोपेश्वर बाई सहित शाला समिति के महिला सदस्य शाला के बच्चे उपस्थित रहे। पुन्नी लाल ठाकुर का विशेष सहयोग रहा।

### बच्चों की गुणवत्ता माताओं की उपस्थिति में परखी गई

**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला पिपरिया विकासखण्ड साजा में शुक्रवार को पढ़ाई तिहार के अंतर्गत अंगना में शिक्षा कार्यक्रम मनाया गया। जिसमें कक्षा पहली दूसरी एवं नव प्रवेशी बच्चों के माता को आमंत्रित किया। इस दौरान माता ओर बच्चों के साथ बैठाया गया एवं सपोर्ट कार्ड देकर बच्चों की गुणवत्ता को उसकी माता के साथ परखा गया। उसके बाद बच्चों को सपोर्ट कार्ड के माध्यम से प्रश्न पूछा गया एवं खेल गतिविधि भी कराया एवं संतुलन बनाना रस्सी कूदना बैलून खेल आदि कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों की शिक्षा गुणवत्ता शारीरिक एवं मानसिक विकास को जांचा एवं परखा गया। जिसमें स्मार्ट माता के रूप में मनन दास, अनीता बाई साहू को चुना गया। प्रधान पाठक डोगेंद्र कुमार वर्मा ने कहा अगर माताएं बच्चों की पढ़ाई लिखाई में ध्यान दें तो बच्चों की गुणवत्ता एवं शारीरिक मानसिक विकास को कोई नहीं रोक सकता है। अतं में सभी माता को अभिनंदन प्रमाण पत्र भेंट कर एवं गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया एवं स्मार्ट माता को स्मार्ट माता का कार्ड से सम्मानित किया गया। जिसमें शाला के शिक्षक गिरवर सिंह ध्रुव, उत्तम कुमार साहू, कुलेश्वर ठाकुर, खुमान साहू आदि शामिल हुए।



### साल्हेपुर स्कूल के पढ़ई तिहार में माताएं भी हुईं शामिल

**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला साल्हेपुर विकासखंड बेरला में 'अंगना माँ शिक्षा' पढ़ाई तिहार बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। 'अंगना म शिक्षा' के अंतर्गत नवप्रवेशित कक्षा पहली और दूसरी के बच्चों के साथ-साथ उनकी माताओं और समुदाय को स्कूल आमंत्रित कर पढ़ाई तिहार से संबंधित योजना तैयार कर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। शाला प्रधान पाठिका अंबालिका पटेल ने कक्षा 1 में प्रवेश लेने वाले बच्चों की माताओं को घर पर ही बच्चों को शिक्षित करने के लिए प्रशिक्षण दिया। इस कार्यक्रम में प्रधान पाठिका द्वारा बताया गया प्राथमिक शिक्षा ग्रहण करने वाले बच्चों की माताओं को खेल -खेल में बच्चों को शिक्षित करने की तकनीक का प्रशिक्षण दिया जाता है। इस अवसर पर स्कूल शिक्षक डांगेंद्र निषाद, प्रदीप ठाकुर सहित मूंगिया यदु, पुजा कुर्रे, चेतना यदु दुलारी, कुन्ती,किरण यदु शुक्रिता दुर्गा आदि,,गांव की माताएं उपस्थित थी। इन माताओं में रोहिणी धुर्वे और दुर्गेश्वरी विश्वकर्मा, को स्मार्ट माता के रूप में चयन किया गया।मेरा अंगना म शिक्षा पढ़ई तुहर दुवार,कार्यक्रम सफल पूर्वक सम्पन्न हुआ।



# जिले की 48 ग्राम पंचायतों में अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी सेवाओं की आसान, पारदर्शी और डिजिटल पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ की ग्राम पंचायतों में अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्रों की स्थापना किया जा रहा । जिले के 48 ग्राम पंचायतों में यह सुविधा प्रारंभ की गई है।

जिसमें बेमेतरा, बेरला और नवागढ़ विकासखंड की 10-10 ग्राम पंचायतें तथा साजा विकासखंड की 18 ग्राम पंचायतें शामिल हैं। जिसका शुभारंभ मंत्री दयाल दास बघेल ने किया था। बेमेतरा विकासखंड के ग्राम पंचायतें चरभाठा, गंगपुर, जौंग, कुर्दा, मारतरा, नागपुरा,नवागांव कला, ओटेबंद, पाँचभैया और लोलेसरा है। वही बेरला क्षेत्र के अछोली, भेड़नी, बारगांव, शिवर, हसदा, हटपन, कोड़वा, लवटारा, संकरा और सोरला ग्राम पंचायत सुविधा चालू की गई है। नवागढ़ की ग्राम पंचायत अंधियारखोर, बोरतरा, एरमसाही, गनियारी, मालदा, रनबोर, संबलपुर, सिवानी, तरपोंगी और टेमरी है । साजा विकासखंड स्थित ग्राम पंचायत बुंदेली, गड़वा, घाटवानी, कोंगियाकला, रौद्र, सहसपुर, टेंडुभाठा, तिरियाभाठ, बंरका, कारेसरा, खैरझीटी कला, खटी, किरकी, ओड़िया, पदुमसरा, पतोरा, सैगोंना और सौरी में प्रारंभ किया गया ।

- ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी सेवाओं की आसान, पारदर्शी और डिजिटल पहुंच

**प्रमाणपत्रों के साथ ही राजस्व संबंधी सुविधाएं भी:** इन डिजिटल सुविधा केंद्रों में जन्म, मृत्यु, जाति, आय, निवास, विवाह पंजीयन जैसे प्रमाणपत्रों की सुविधा के साथ राजस्व सेवाएं भी उपलब्ध हैं। साथ ही ग्रामीण नागरिक अब माइक्रो एटीएम, आधार आधारित भुगतान, डिजिटल लेनदेन, बीमा प्रीमियम भुगतान, बिजली-पानी के बिल भुगतान, पेंशन संबंधित सेवाएं और बैंकिंग सुविधाओं का लाभ भी उठा सकेंगे।इन केंद्रों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा और ग्रामीण अपने गाँव में ही सरकारी सेवाओं तक सरल से प्राप्त कर सकेंगे ।



## पंचायती राज दिवस पर जल संरक्षण का लिया संकल्प

**बेमेतरा।** ग्राम पंचायत बरगा में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर पंचायत भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त 68 आवेदनों की समीक्षा की गई। जिनमें अधिकांश पशु शेड, प्रधानमंत्री आवास एवं शौचालय निर्माण की मांग शामिल है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच नंदकुमारी ठाकुर ने की। जबकि उपसरपंच पुन्नी साहू सहित सभी पंचगण सरोज साहू, मंजूषा, कुमारी साहू, मंगतु यादव, जानकी साहू, श्रवण कुमार साहू, अशोक साहू, भारती वर्मा, रेखा साहू और जोहन पाल की सक्रिय उपस्थिति रही। पंचायत सचिव प्रेम पाटिल और रोजगार सहायक गणेश तुरकाने ने आयोजन की रूपरेखा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कार्यक्रम में जल संरक्षण एवं वर्षा जल संचयन (वाटर हार्वेस्टिंग) को लेकर सभी पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने सामूहिक संकल्प लिया। इस संकल्प ने ग्रामीण विकास के साथ पर्यावरणीय संतुलन की दिशा में बरगा पंचायत की प्रतिबद्धता को मजबूत किया है।

कार्यक्रम में कमलेश साहू, दादु साहू, भागवत साहू, डोमार वर्मा, पुरूषोत्तम यादव, रूपेश कुमार और मोनू साहू समेत अनेक जागरूक ग्रामीणों की सराहनीय भागीदारी रही।

## नारायणपुर में मनाया गया राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस




हरिभूमि न्यूज. बेमेतरा/नारायणपुर

ग्राम पंचायत में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सरपंच ग्राम पंचायत नारायणपुर में बिसाहू राम साहू ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि गांवों का समग्र विकास, सशक्तत पंचायती के बिना संभव नहीं। पंचायती राज व्यवस्था हमारे लोकतंत्र नींव है,जो जन-जन तक शासन की भागीदारी को सुनिश्चित करतीं हैं, जहां उपस्थित ग्राम वासियों व पंचगण को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस की शुभकामनाएं दी,व राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर एक देश एक चुनाव का जिसमें लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव एक साथ कराने संबंधी शपथ दिलाते हुए संकल्प पारित किया गया, जिसमें जल संरक्षण, सार्वजनिक शासकीय भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग कार्य कराने, पेयजल स्त्रोतों का जैसे तालाबों,आस पास की साफ-सफाई एवं गांवों में पानी की समस्याओं को लेकर लोगों को संरक्षण काराने की बात कही, इस अवसर पर सरपंच बिसाहू राम साहू, सचिव अर्जून डिंडोर, रोजगार सहायक मनीष तिवारी,सहित सभी पंचगण उपस्थित हूए।

# विश्व मलेरिया दिवस पर जागरुकता रथ किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर शुक्रवार जिले में शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों द्वारा जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम मलेरिया हमारे साथ समाप्त हो जाए - पुनः निवेश करें, पुनः कल्पना करें, पुनः प्रज्वलित करें के अंतर्गत यह आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यशंवत कुमार ध्रुव एवं जिला नोडल अधिकारी सह जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक बसोड़ द्वारा जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस रथ के माध्यम से आमजन को मलेरिया के लक्षण, बचाव और उपचार संबंधी जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य वर्ष 2027 तक प्रदेश को स्थानीय मलेरिया संक्रमण से मुक्त करना एवं 2030 तक मलेरिया का पूर्णतः उन्मूलन करना है। इसके लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया गया।

- मलेरिया उन्मूलन का लिया गया संकल्प



शहरी क्षेत्र की समस्त मितानिनों के लिए मलेरिया पर एक कार्यशाला का भी आयोजन किया गया, जिसमें मलेरिया की पहचान, रोकथाम व त्वरित उपचार संबंधी जानकारी प्रदान की गई। मलेरिया संक्रमित मादा मच्छर के काटने से फैलता है, जिसके लक्षणों में तेज बुखार, बदन दर्द, सिर दर्द एवं उल्टी आदि शामिल हैं। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री लता बंजारे, वीबीडी पर्यवेक्षक गुलाबचंद साहू, जिला मितानिन समन्वयक लता मेरावी, मितानिन प्रशिक्षक उषा साहू सहित मितानिन एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जांच व उपचार निशुल्क उपलब्ध

स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि मलेरिया की जांच एवं उपचार सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में निःशुल्क उपलब्ध है। साथ ही मच्छरों के लार्वा नियंत्रण के लिए रुके हुए पानी में मिट्टी का तेल अथवा जला हुआ मोबिल ऑयल डालने तथा कीटनाशक-उपचारित मच्छरदानी के प्रयोग की सलाह दी गई।इस अवसर पर सभी ने मलेरिया मुक्त समाज की दिशा में कार्य करने का संकल्प लिया।

